भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू
Indian Institute of Management Jammu
ओल्ड यूनिवर्सिटी कैंपस, कैनाल रोड, जम्मू (जम्मू- कश्मीर) – 180016 भारत
Old University Campus, Canal Road, Jammu (J&K) – 180016 India
Phone: +91-191-2585837 Email: info@iimj.ac.in Url: www.iimj.ac.in

Press Release

भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू की संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति की निरीक्षण बैठक

25 सितंबर 2023: सीमा सुरक्षा बल के तत्वाधान में दिनांक 25 सितंबर 2023 को श्रीनगर में संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान समिति द्वारा विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू में राजभाषा के कार्यों का निरीक्षण किया।

संस्थान की ओर से निदेशक प्रोफेसर विद्या शंकर सहाय, डॉ मुखबिल बुरहान, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं राजभाषा इंचार्ज डॉ अनुजा अखौरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमांडर केशवन भास्करण (रि.), एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी अभय कुमार अवस्थी सम्मिलित हुए। निदेशक महोदय द्वारा पिछले वर्ष में राजभाषा से जुड़े सभी कार्यों की जानकारी संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर, संस्थान के निदेशक ने समिति को यह सुनिश्चित कराया कि संस्थान आगामी वर्षों में राजभाषा अधिनियम 1963 के अनुसार सभी प्रशासनिक कार्यों से जुड़े हुए दस्तावेजों को द्विभाषी किए जाएंगे एवं प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का उपयोग अधिक से अधिक किया जाएगा

इस दौरान निदेशक प्रोफेसर सहाय द्वारा राजभाषा समिति के सभी सदस्यों का अंग वस्त्र द्वारा अभिवादन किया और संस्थान की वार्षिक पत्रिका "त्रिकुटा" भेंट की गई। संसदीय उप समिति ने भारतीय प्रबंधन संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन पर संतुष्टि जताई।

प्रेस/मीडिया पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें:

: pro@iimj.ac.in
: ९१-८०००१२१६१६

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति की निरीक्षण बैठक की <u>झलकियां</u>


हिंदी पत्रिका
त्रिकुटा
आत्मदीपः भव
भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू
Indian Institute of Management Jammu
वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report 2018-19
Annual Report 2017-18

संसदीय राजभाषा समिति की
पहली उप-समिति की निरीक्षण बैठक

संसदीय राजभाषा समिति
की पहली उप–समिति
की निरीक्षण बैठक